**Need to review the funnel height policy to enable redevelopment projects coming under Airport Funnel Zone-laid**

**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ (मुम्बई उत्तर-मध्य) :** मुंबई हवाई अड्डे के आसपास के फ़नल हाइट प्रतिबंधों के कारण विले पार्ले में हज़ारों इमारतों को प्रभावित करने वाले एक तात्कालिक मुद्दे पर बात करना चाहती हूँ । निवासियों से जब मैंने बातचीत की, उन्होंने बताया कि कैसे इन प्रतिबंधों ने पुनर्विकास परियोजनाओं में मुश्किल खड़ी कर दी है, जिससे हजारों मुंबईकर असुरक्षित, पुराने ढांचे वाले घरों में रह रहे हैं । यहां की ज्यादातर बिल्डिंग 50 साल से ज्यादा पुरानी हैं । निवासी चाहते हैं कि फ़नल हाइट की पॉलिसी का पुनर्मूल्यांकन किया जाए, साथ ही हाइ फ्रीक्वेंसी रिसीविंग स्टेशन का स्थानान्तर हो । उनकी ये भी मांग है कि ट्रांसफर ऑफ़ डेवलपमेंट राइट्स (TDR) के माध्यम से अतिरिक्त निर्माण अधिकार भी दिए जाएं ताकि परिसर का विकास हो । मेरा उड्डयन मंत्री जी से अनुरोध है कि उनके मंत्रालय के प्रतिनिधियों, मुंबई महानगरपालिका, MMRDA, इत्यादि संस्थानों और निवासियों के साथ जल्द एक समन्वय बैठक बुलाई जाए और इस समस्या का हल निकाला जाए ।